



नवभारत 04
इंदौर, शनिवार, 24 जनवरी 2026

## एक नजर में

### महाविद्यालय परिवार ने लक्ष्मी को दिल्ली गणतंत्र दिवस समारोह के लिए किया रवाना




**शाजापुर, 23 जनवरी.** दिल्ली के ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में शाजापुर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय की एनएसएस एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद को उनके अभिभावक के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में आयोजित विदाई कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विपुल कसेरा एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ.एसके तिवारी ने लक्ष्मी और उनके पिता नारायण सिंह को मोतियों की माला पहनाकर दिल्ली के लिए रवाना किया. वहीं यूनिट एम्बेसडर रवि कुमार ने बताया कि इस समारोह के लिए मध्य प्रदेश से केवल चार एनएसएस वालंटियर्स का चयन किया गया है, जिनमें शाजापुर जिले से पहली बार लक्ष्मी का नाम शामिल हैं. लक्ष्मी की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत का परिणाम है वे न केवल जिले की पहली राष्ट्रीय साहसिक शिविर सहभागी रही हैं, बल्कि पहली जिला स्तरीय परेड में प्लाटून कमांडर और इकाई की प्रथम चयनित पैरालीगल वॉलंटियर का गौरव भी हासिल कर चुकी हैं. विदाई के इस अवसर पर प्रो. मीनू गिडवानी, डॉ. दिनेश निगवाल, डॉ. बीके सोलंकी, डॉ.बीएल मालवीय, प्रो.मुकेश सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों और एनएसएस इकाई के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे पूरे जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया.

### नाबालिग का अपहरण, बलात्कार 3 आरोपी गिरफ्तार





**सोयतकलां, 23 जनवरी.** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कल्याणपुरा में एक नाबालिग लड़की के अपहरण व बलात्कार का सनसनीखेज मामला सामने आया है. पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए गुरूवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर किया. थाना प्रभारी राम गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुरा में 8 जनवरी की रात 1 बजे घर से शोच के लिए बाहर आई नाबालिग लड़की को जबरन तीन युवक कार में बैठाकर ले गए थे. जिसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस थाने में की थी. मामले में आगर जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देश में पुलिस की अलग-अलग टीम में आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी तभी आरोपी नाबालिग लडकी को झालावाड़ के महिला थाने के समीप छोड़कर फरार हो गए. पुलिस ने नाबालिग लड़की से पूछताछ कर मामले में महावीर पिता विष्णुलाल लोहार निवासी कंठालिया थाना सोयतकला, तोफानसिंह पिता गोकलसिंह सोंधिया निवासी कंठालिया व भागीरथ पिता बालाप्रसाद मेहर निवासी बकानी को गिरफ्तार किया. पुलिस ने तीनों आरोपी के खिलाफअपरहण, बलात्कार, पास्को एक्ट, एससी एसटी सहित अन्य धाराओं में कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त अल्टो कार बरामद कर तीनों आरोपियों को न्यायालय मे पेश किया जहां से सभी आरोपी को जेल भेज दिया.

# आदिवासियों के पट्टे वकील, व्यापारी और नेताओं ने हथियाये

## कालापीपल में अनुसूचित जनजाति के पट्टों की जमीन की बंदरबांट

**शाजापुर, 23 जनवरी. सरकार ने आदिवासियों को बसाने के लिए पट्टे दिए थे, लेकिन प्रशासन की लचर व्यवस्था या मिलीभगत कहें कि आदिवासियों के पट्टों को रसूखदारों ने खरीद लिया, जबकि पट्टों की बिक्री पर पूर्णत: प्रतिबंध था, उसके बाद भी तमाम नियम-कायदे ताक पर रखकर पट्टे का विक्रय रसूखदारों ने अपने पक्ष में करा लिया. यह मामला लगातार सुर्खियों में होने के बाद भी शुजालपुर अनुभाग राजस्व के अधिकारी आंख पर पट्टी बांधकर केवल जांच-जांच के आश्वासन का झूला झूला रहे हैं. आदिवासियों को मिले पट्टे में जो बंदरबांट हुई है, उसमें वकील भी शमिल हैं, व्यापारी भी शामिल हैं और नेता भी. याने कि समाज के सभी रसूखदारों ने इस पट्टे की जमीन को हथियाने में कोई कसर नहीं छोड़ी.**



| वर्ष 1982-83 की स्थिति में पट्टेदार का नाम | | | | वर्तमान 2024-25 की स्थिति अनुसार पट्टेदार/भूमिस्वामी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नाम कास्तकार | जाति | सर्वे नंबर | रकबा | सर्वे नंबर | रकबा | नाम कास्तकार |
| 1 | रणजीतसिंह(रामसिंह) नरबतसिंह | भील | 884 | 0.627 | 884/9 | 0.627 | रणजीतसिंह पिता नरबत सिंह आदिवासी शासन द्वारा बंटित विक्रय से प्रतिबंधित |
| 2 | रणजीत भेरूसिंह | बलाई | 884 | 0.627 | 884/10 | 0.627 | राधेश्याम पिता हजारीलाल राजेन्द्रकुमार पिता गणेश प्रसाद विश्वकर्मा शासन द्वारा बंटित विक्रय से प्रतिबंधित |
| 3 | रणजीत छीता | बलाई | 884 | 0.627 | 884/2 | 0.627 | खुशालचन्द्र पिता खिमा जी जाति महाजन वर्ष 1992-93 मे विक्रय |
| 4 | मुंशी पन्नालाल | बलाई | 884 | 0.627 | 884/11/1 | 0.535 | सतीशकुमार पिता मुरारीलाल अग्रवाल वर्ष 1993-94 मे विक्रय |
| | | | | | 884/11/2 | 0.092 | सतीशकुमार पिता मुरारीलाल अग्रवाल वर्ष 1993-94 मे विक्रय |
| 5 | मोहनसिंह गणपतसिंह | बागरी | 884 | 0.627 | 884/3 | 0.627 | जगदीशप्रसाद पिता हेमराज सोनी |
| 6 | शिवनारायण कनीराम | भील | 884 | 0.627 | क्रमांक 15 पर 884/12 | 0.627 | शिवनारायण पिता कनीराम मीणा शासन द्वारा बंटित विक्रय से प्रतिबंधित |
| 7 | पर्वतसिंह कालूराम | बलाई | 884 | 0.627 | क्रमांक 08 पर 847 मे दर्ज 884/15 | 0.627 | हरी पिता गोपाल जाति भरगुन्दा शासन द्वारा बंटित विक्रय से प्रतिबंधित दिनांक 05/12/1990 से विनिमय हुआ। |

गौरतलब है कि अनुसूचित जनजाति के लोगों को पट्टे बांटे गए थे. जिसमें 196 बीघा फ्रंट की जमीन जिसकी कीमत आज करोड़ों रुपए है, लेकिन नगर के वकील, राजनीतिक लोग और व्यापारियों ने औने-पौने दाम में खरीदकर बकायदा उसकी रजिस्ट्री करवा ली. कालापीपल क्षेत्र का पट्टेधारी का यह मामला जो पूर्ण रूप से बिक्री के लिए प्रतिबंधित था, सन 1981-82 के दौरान अनुसूचित जनजाति के लोगों को तत्कालीन सरकार ने पट्टे वितरित किए थे. पट्टा लेने वाले हितग्राहियों को कागज तो मिल गए, मौके पर कब्जा भी ले लिया, लेकिन कई हितग्राहियों को आज तक पट्टा नहीं मिला. सर्वे नंबर बदलकर मेन रोड की जमीन दिखाकर दूसरा सर्वे नंबर कराकर शासन-प्रशासन को गुमराह कर पट्टे की जमीन पर रसूखदारों ने कब्जा कर लिया.

### वकील, नेता और व्यापारियों ने लिए आदिवासियों के पट्टे...

पट्टे की बंदरबांट में कालापीपल के एक प्रतिष्ठित वकील हैं, एक नगर पालिका अध्यक्ष के भाई हैं और कई कालापीपल के बड़े व्यापारी हैं, जिन्होंने अनुसूचित जनजाति को दिए गए पट्टों को फर्जी तरीके से अपने नाम रजिस्ट्री करा ली. ये जमीन आज की तारीख में बेशकीमती है, जिस पर वे व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं. कई लोगों ने पट्टे की जमीन पर व्यवसायिक उपयोग शुरू कर दिया है. लगातार खबरों के बाद भी यह फर्जीवाड़ा नहीं थम रहा है. कहने को तो भाजपा की सरकार है और विधायक भी भाजपा के हैं, वे बात भी आदिवासियों के हित की करते हैं, लेकिन आदिवासियों को दिए पट्टों पर जब भाजपा नेताओं ने ही फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा ली, तो जनप्रतिनिधि भी मौन हैं. इस फर्जीवाड़े में क्या भाजपा, क्या कांग्रेस, क्या वकील, क्या व्यापारी. सबने इन पट्टों की बहती गंगा में रजिस्ट्री कराकर साबित कर दिया कि भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े में सब मौसेरे भाई हैं.

### क्या एसडीएम हलदर करेंगे कार्यवाही या केवल जांच -जांच खेलेंगे...

जिला प्रशासन के राजकुमार एसडीएम हलदर को शुजालपुर की कमान सौंपी गई. अब देखना यह है कि प्रतिबंधित पट्टे की बिक्री के मामले में एसडीएम हलदर क्या जांच करते हैं और कब तक यह फर्जीवाड़ा करने वालों पर शिकंजा कसते हैं. अक्सर देखा गया है कि जब भी कोई फर्जीवाड़ा, घोटाला या किसी भ्रष्टाचार की शिकायत या खबर आती है, तो अधिकारी के पास रटा रटाया बयान होता है कि जांच कराई जा रही है, जांच के आदेश दे दिए हैं. अब देखना यह है कि इस मामले में जांच सही होती है या जांच के नाम पर आश्वासन का झूला फाइलों में झूलता रहेगा.

### 22 पट्टो की फर्जी तरीके से खरीद-फरोख्त...

ग्राम पंचायत चाकरोद में हितग्राहियों को 64 पट्टे दिए गए थे, लेकिन हितग्राहियों से सत्ता पक्ष के नेताओं, व्यापारियों ने फर्जी तरीके से अनुसूचित जनजाति के लोगों को गुमराह कर फर्जी आदेश बनाकर शासकीय पट्टों की रजिस्ट्री करवा ली. यहां तक कि 24 पट्टों में से 22 पट्टों को फर्जी तरीके से खरीद-फरोख्त की गई है, जिस पर भाजपा के नेताओं का कब्जा है. जिसका व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है.

**इनका कहना है**

*मामले की जांच की गई थी. जो कृषि भूमि पट्टे के रूप में दी गई थी. उन्हें गलत तरीके से विक्रय किया गया है. जांच प्रतिवेदन एसडीएम को भेजा है. आगामी कार्यवाही वहीं से होगी.*

*- **संदीप श्रीवास्तव, तहसीलदार, कालापीपल***

### पेंशन संबंधी क्लेम की जानकारी देने के निर्देश

**शाजापुर, 23 जनवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों निर्देश दिए हैं कि एक वर्ष के भीतर सेवानिवृत ऐसे शासकीय सेवक जो माह जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त हुए हैं, उनके पेंशन संबंधी कोई क्लेम जैसे – जीपीएफ, बीमा, अर्जित अवकाश, पेंशन, ग्रेच्युटी का भुगतान कितने पेंशनरों का किया गया है और कितने ऐसे पेंशनर हैं, जिनके क्लेम का अभी भी भुगतान होना शेष है. यदि किसी सेवानिवृत कर्मचारी का कोई क्लेम शेष हो, तो विलंब का कारण सहित जिला पेंशन अधिकारी जीएल गुवाटिया को लिखित में सूचित करें. जिसकी समीक्षा आगामी टीएल बैठक में की जाएगी.

# नारायण... नारायण... प्रभु इस बार बच्चों पर रहम करना...

**बात शाजापुर की**
**मनोज पुरोहित**

पिछले राष्ट्रीय पर्व पर धीमी गति के समाचार ने इतनी धीमी गति से संदेश का वाचन किया कि बच्चों को असली नारायण याद आ गए थे. अब एक बार फिर राष्ट्रीय पर्व पर वाचन करने के लिए शाजापुर जिले के मुखिया मंत्री को सरकार ने चुना है. उम्मीद की जा रही है कि इस बार संदेश का वाचन धीमी गति के समाचार जैसा नहीं होगा, क्योंकि उन बच्चों पर रहम करना, जो सुबह से आपकी अगवानी में भूखे-प्यासे इस सर्दी के मौसम में कतारों में खड़े रहते हैं. पिछले राष्ट्रीय पर्व पर तो संदेश का कॉमा और आवक-जावक क्रमांक भी पढ़ दिया था. इस बार उम्मीद की जा रही है कि कॉमा, आवक-जावक, फुल स्टॉप नहीं पढ़ा जाएगा. क्योंकि पिछले भाषण को देखकर ऐसा लग रहा था कि माननीय की साक्षरता में कहीं न कहीं कमी है. इसलिए इस बार उम्मीद की जा रही है कि माननीय ने अपनी साक्षरता को कुछ हद तक सुधार लिया होगा. पिछले राष्ट्रीय पर्व पर तो बच्चे भी संदेश की अंतिम पंक्ति सुनकर ऐसे खुश हुए, जैसे उनकी मनमानी मुराद पूरी हो गई हो. अधिकारी-कर्मचारी भी उबासी लेते नजर आते थे. एक बार फिर माननीय को ये सौभाग्य मिला है और उम्मीद की जा रही है कि इस बार वे पुरानी साक्षरता की क्लास को न दोहराएं. या तो बच्चों पर रहम हो जाए या उनके नाश्ते की व्यवस्था हो जाए, जब तक संदेश वाचन की ये कक्षा चले. अब देखना है कि इस बार संदेश वाचन में पुराने वाचन की रिहर्सल होती है या इस बार संदेश वाचन की गति वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी रहती है. पिछली बार तो धीमी गति के समाचार के कारण संदेश वाचन चर्चा में रहा था. सब यही उम्मीद कर रहे हैं कि *नारायण... नारायण... प्रभु इस बार बच्चों पर रहम करना...*

**चापलूसी की सूची जारी होने वाली है**

राष्ट्रीय पर्व पर चापलूसों का पलड़ा भारी रहता है. चापलूसी में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को इस बार भी सम्मानित किया जाएगा. वैसे तो जो अच्छे काम करते हैं, उनमें से अधिकांश सूची से बाहर ही रहते हैं, लेकिन जो चापलूसी में एमफिल कर चुके हैं, उन्हें सम्मान की सूची में जगह मिल जाती है. चापलूसी एक उत्कृष्ट कार्य है, ये पिछले एक दशक से राष्ट्रीय पर्व पर दिए जा रहे प्रमाण पत्र से पता चलता है. ऐसे-ऐसे लोगों को उत्कृष्ट कार्य के प्रमाण पत्र दिए जाते हैं, जिन्हें उत्कृष्ट कार्य का पैमाना भी पता नहीं होता है. विभाग के आला अधिकारी अपने विभाग के चपरासी से लेकर ड्राईवर तक को भी उत्कृष्ट कार्य का प्रमाण पत्र दिलवा चुके हैं. अब ड्राईवर ने ऐसा कौन सा गियर डाला कि जो उत्कृष्ट की श्रेणी में आता है और चपरासी ने ऐसी क्या सेवा कर दी, जो उत्कृष्ट श्रेणी में आ गई.

**अतिक्रमण की सुविधा अनुसार बन रहा है फोरलेन...**

शहर को फोरलेन की सौगात मिल रही है, लेकिन जनता को सुविधा मिलेगी, वो अलग बात है, लेकिन अतिक्रमण करने वाले ठेले, गुमटियों वालों की भी सुविधा का ध्यान रखा गया है. जहां गुमटी रखी है, उसके आगे छोड़ दिया, ताकि गुमटी वालों को असुविधा न हो. वो फोरलेन के बाद फिर अतिक्रमण कर सकें. कई जगह भारी अतिक्रमणकर्ताओं को अभयदान दिया गया है. अब देखना यह है कि फोरलेन निर्माण के दौरान अवैध गुमटियां हटती हैं या वहीं पर जमी रहती हैं.

**अंत में...**

**तुम मेरी आस्तीनों से अब निकल चुके हो, पर याद रखना कि बाहर निकले सांपों को लोग मार देते हैं...**

### गोविंद शर्मा बने होली उत्सव समिति के संयोजक



**शाजापुर, 23 जनवरी. नगर में चली आ रही सनातन परंपरा को इस वर्ष भी सर्व हिन्दू उत्सव समिति द्वारा जारी रखा गया है, जहां आयोजित बैठक में पांच दिनी होली उत्सव धूमधाम व उत्साह से मनाने का निर्णय लिया गया. पर्व के लिए होली उत्सव समिति का गठन भी किया गया. इस वर्ष होली उत्सव समिति संयोजक के पद पर पं.गोविंद शर्मा को मनोनीत किया गया है. जबकि कोषाध्यक्ष पद पर रोहित विश्वकर्मा को मनोनीत किया गया.**

आयोजन को लेकर शुक्रवार को वजीरपुरा स्थित श्री कृष्ण व्यायामशाला में बैठक का आयोजन किया गया. जहां संयोजक पद पर पं. गोविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर रोहित विश्वकर्मा, सचिव पद पर अंकित अंबावतिया व सह संयोजक के पद पर जीत पारछे के नाम का प्रस्ताव सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर ने रखा. इस पर सर्व हिन्दू उत्सव समिति संरक्षक व दशहरा उत्सव समिति संयोजक दीपक चौहान ने इनका समर्थन किया. जिस पर सभी ने अपनी सहमति दी. बैठक में दशहरा उत्सव 2025 के संयोजक दीपक चौहान ने दशहरा उत्सव का आय-व्यय ब्यौरा भी प्रस्तुत किया. बैठक में सर्व हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक किरणसिंह ठाकुर, महेश भावसार, अनूप किरकिरे,सीताराम पवैया, महेश प्रजापति, मनीष सिसौदिया, गजेन्द्र सिकरवार, कैलाश मटोलिया, महासचिव मनीष सोनी, सत्या वात्रे, सचिव राजेश पारछे, गोविंद नायक, प्रेम यादव, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रजापति, प्रवक्ता धनराज गवली, सूचना संपर्क प्रमुख विष्णु गवली, विनोद जैन, दीपक निगम, अजय सिंह चंदेल, सतीश राठौर, विक्रम कुशवाह, भूपेन्द्र मालवीय, राहुल परमार, दिनेश सौराष्ट्रीय, सुनील सिसौदिया, दिलीप सिंदल, संजय राठौर, नरेन्द्र प्रजापति, चेतन कुशवाह सहित बड़ी संख्या में सर्व हिन्दू समिति के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे. बैठक का संचालन सर्व हिन्दू उत्सव समिति के उपाध्यक्ष अनिल मालवीय ने किया.

### इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा होली पर्व

नगर में पांच दिनी होली उत्सव मनाए जाने की परंपरा बरसों से चली आ रही है. जिसे इस वर्ष भी जारी रखा जाएगा. पर्व के दौरान दिन में जहां आजाद चौक में नगरवासी रंगारंग पर्व मनाएंगे. वहीं शाम से देर रात तक नगर में गरिमामय वातावरण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा. इसके लिए भी समिति में बैठक में सर्वसम्मति से दायित्व सौंपे गए.

**एक नजर में** — कहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, तो कहीं व्याख्यान का हुआ आयोजन

# बसंत पंचमी : शैक्षणिक संस्थाओं में हुआ ज्ञान की देवी का पूजन





**शाजापुर, 23 जनवरी. शुक्रवार को जिलेभर की शैक्षणिक संस्थाओं में ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन कर बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया. कहीं विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, तो कहीं व्याख्यान का आयोजन किया गया.**




हरायपुरा स्थित सांदीपनि विद्यालय कैंपस में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर बसंत उत्सव का भव्य एवं अनुशासित आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. यह कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी एवं विभाग कार्यवाह शैलेंद्र सोनी के मुख्य आतिथ्य तथा प्राचार्य श्रीमती सविता सोनी एवं प्रधानाध्यापक श्रीमती रानू सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. सांस्कृतिक सत्र में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं. साथ ही साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने के उद्देश्य से प्रस्तुत की. गई लघु नाटिका ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं जनसमुदाय को गहराई से प्रभावित किया, जिसे सभी ने सराहना के साथ स्वीकार किया. संचालन दिलीप जायसवाल ने किया. आभार प्रधानाध्यापक श्रीमती रानू सक्सेना ने माना.



**बसंत शिक्षा के आरंभ का संकेत देता है**

किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया गया. सरस्वती वंदना छात्रा नंदिनी राठौर एवं सपना ने प्रस्तुत की. अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी मूंदड़ा ने की. उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत शिक्षा आरंभ का संकेत देता है. इसलिए छात्राएं अभी से आगामी परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाएं. साथ ही उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया. डॉ. रितेश महाडिक ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी विचार एवं राष्ट्र निर्माण के आदर्श विषय पर अपने विचार प्रकट किए. डॉ. संदीप कुमार सिंह ने बसंत पंचमी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक सुश्री सोनू कनेश, यतीश धाकड़, डॉ. कपिल जाटव, जेपी माथुर, श्रीमती दीपिका गुप्ता, आदित्य सक्सेना, नरेन्द्र कुमार भाटी, शंकरलाल कुशवाह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं.

**मां सरस्वती का प्रकटोत्सव मनाया**

दुपाड़ा मार्ग स्थित सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती के प्रकटोत्सव और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पथ संचलन निकाला गया. इसके पूर्व मां सरस्वती का विशेष पूजा अर्चन किया गया. हायर सेकेंडरी मैदान से पथ संचलन की शुरुआत की गई. इस दौरान हाथों में तिरंगा और भगवा लिए और भारत माता की जय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे के नारे भी लगाए गए.

**सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर निकाला पथ संचालन**

**सोयतकलां,** शुक्रवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर के तत्वावधान में पथ संचलन निकाला गया. संचलन नगर में मुख्य मार्ग से निकला. जगह-जगह स्वागत किया गया. इसके बाद शिशु मंदिर के प्राचार्य प्रेम सिंह झाला ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला. कालिदास विद्या निकेतन स्कूल ने भी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर रैली निकाली गई. इस मौके पर दर्जनों झांकियां निकाली गई, जो आकर्षण का केंद्र रही.

### बीकेएसएन कॉलेज में मनाया बसंतोत्सव...

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा एनसीसी इकाई के माध्यम से प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा की अध्यक्षता में मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के बाद बसंत पंचमी एवं नेता जी सुभाषचंद्र बोस जयंती मनाई. स्वागत भाषण व अतिथि परिचय प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बीएल मालवीय ने दिया. मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्रो. शकीला खान ने बसंत पंचमी के महत्व पर एवं निराला के जीवन-संघर्ष पर प्रकाश डाला. दूसरे वक्ता डॉ. शिवराजसिंह राठौर ने सुभाषचंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला. संचालन प्रो. प्रतिका परमार ने किया. आभार प्रो. प्रिया जोशी ने माना.

### चामुंडा माता मंदिर में महाआरती, चरणबद्ध विकास योजना का ऐलान

**शाजापुर,23 जनवरी. श्री राम मंदिर स्थापना दिवस के पावन अवसर पर नगर की आस्था, संस्कृति और परंपरा के प्रतीक चामुंडा टेकरी स्थित मां चामुंडा माता मंदिर परिसर में भव्य एवं दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया.**



इस धार्मिक आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं के हृदय को भक्तिरस से सराबोर किया, बल्कि चामुंडा टेकरी के सर्वांगीण विकास की एक नई आशा और दिशा भी प्रदान की. कार्यक्रम में शाजापुर के लोकप्रिय विधायक अरुण भीमावद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. महाआरती का शुभारंभ मां चामुंडा एवं भगवान परशुराम की आरती से हुआ. जिसे मंदिर के पुजारी राहुल योगी एवं विधायक अरुण भीमावद द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया. आरती के उपरांत पूरे परिसर में भारत माता की जय, मां चामुंडा की जय एवं भगवान परशुराम की जय के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया.